उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

Contect No 09520991172 **& Whatsapp No -** 09520991174

पत्रांक –परीक्षा– 02 /2022–23 दि0–07,अप्रैल 2023

।। विज्ञप्ति/अधिसूचना ।।

आयोग द्वारा कनिष्ठ सहायक/ अमीन/ भूमि अध्यापित निरीक्षक/सर्वे लेखपाल/रिकार्ड कीपर, कर सग्रंहकर्ता व अन्य समान अर्हता के पदो पर अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन हेतु पूर्व में जारी विज्ञप्ति/अधिसूचना पत्रांक–परीक्षा / 293 /2022–23 दि0–27 मार्च, 2023 के अनुसार दि0–03 मार्च से 25 मार्च 2023 तक अभिलेख सत्यापन की कार्यवाही जारी है। सूच्य है कि अभ्यर्थियों द्वारा इस भर्ती परीक्षा में विभिन्न विभागों व पदों हेतु अपनी वरियता हेतु स्वेच्छानुसार विकल्प अंकित/भरवायें जा रहे है। इस प्रक्रिया में देखा गया है कि एक अभ्यर्थी के पदों की वरियता हेतु विकल्प भरवाने में अधिक समय लग रहा है अतः सभी उपस्थित अभ्यर्थियों की इस प्रक्रिया में अत्यधिक समय लगने से अव्यवस्था व कठनााई भी हो रही है, अतः अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु पदो की वरियता हेतु विकल्पों को व्यवस्थित रूप से ऑन–लाईन अंकित करवाने हेतु आयोग द्वारा अपनी अधिकृत वैबसाईट पर लिंक **https://ukssc.infotheme.in/prefs/754clerk/** दिया गया है, अतः एतद्द्वारा सभी अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है किः–

1. इस परीक्षा में अभिलेख सत्यापन हेतु स्वेच्छानुसार पदो की वरियता हेतु विकल्प ऑन–लाईन अंकित करना अनिवार्य है ।
2. दि0–05 एंव 06 अप्रैल 2023 को बुलाये गये अभ्यर्थियों के (इनके विकल्पो को भरा जा चुका है) अतिरिक्त सभी दि0– 10 अप्रैल 2023 से 25 अप्रैल 2023 (दि0– 03 अप्रैल 2023 को बुलाये गये अभ्यर्थी भी) तक आमत्रित अभ्यर्थियों को अपने स्वेच्छानुसार पदो की वरियता हेतु ऑन–लाईन विकल्प अंकित करना अनिवार्य है।
3. ऑन–लाईन विकल्प भरने हेतु यूजर आई डी0 अभ्यर्थी का अनुक्रमांक एंव पासवर्ड जन्म तिथि होगी।
4. ऑन–लाईन भरे गये विकल्पो को सबमिट करने के बाद दो प्रतियों मे प्रिंट निकालना है,एक प्रति हस्ताक्षर सहित अपने अभिलेख सत्यापन की तिथि को आयोग को उपलब्ध कराना अनिवार्य है।
5. अभ्यर्थी यह भी ध्यान रखे कि जिनके द्वारा टंकण (टाइपिंग) परीक्षा में प्रतिभाग नही किया गया अथवा अनर्ह है , वे अभ्यर्थी केवल नान टाइपिंग पदो के विकल्प ही भरें।

अतः उपर्युक्तानुसार सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती हैं। उक्त परीक्षा में विभाग एंव पदो की वरियता हेतु विकल्पो को पूर्णतया समझने एवं विचार करने के बाद ही अपनी वरियता अंकित करें । विकल्प एक बार सबमिट होने के बाद किसी भी दशा में संशोधित किया जाना संभव नही होगा। दि0– 03 अप्रैल 2023 को आंमत्रित अभ्यर्थियों के उक्तानुसार भरे गये विकल्प पत्रों की एक प्रति दि0 25 अप्रैल 2023 से पूर्व आयोग कार्यालय में जमा कराया जाना आवश्यक होगा।

-Sd-

(सुरेन्द्र सिंह रावत)

सचिव